**प्रेस विज्ञप्ति**

**लोक भवन, राँची**

**दिनांक : 03 अगस्त, 2026 :-**

(1) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने आज नई दिल्ली में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी से शिष्टाचार भेंट की। भेंट के क्रम में राज्यपाल महोदय ने माननीय प्रधानमंत्री को राज्य के समसामयिक घटनाक्रम तथा राज्यहित एवं जनहित से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों से अवगत कराया।

इस अवसर पर राज्यपाल महोदय ने माननीय प्रधानमंत्री को लोक भवन, झारखण्ड द्वारा प्रकाशित "संवाद से विश्वास" की प्रति भी भेंट की, जिसमें राज्यपाल महोदय के दो वर्षों के कार्यकाल की प्रमुख पहलों एवं गतिविधियों का संकलन है।

(2) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने आज नई दिल्ली में भारत के माननीय उपराष्ट्रपति श्री सी. पी. राधाकृष्णन से शिष्टाचार भेंट की। भेंट के क्रम में राज्यपाल महोदय ने उपराष्ट्रपति महोदय को लोक भवन, झारखण्ड द्वारा प्रकाशित "संवाद से विश्वास" की प्रति भेंट की, जिसमें राज्यपाल महोदय के दो वर्षों के कार्यकाल की प्रमुख पहलों एवं गतिविधियों का संकलन है।